CON 1055

# एतदर्थ मंडल (हिंदी भाषा परीक्षा), महाराष्ट्र शासन

भाषा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य, प्रशासकीय भवन, ५ वी मंजिल,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर उद्यान के निकट, सरकारी कालोनी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई ४०० ०५१.

**निम्नश्रेणी परीक्षा**

**पहला प्रश्नपत्र — पाठ्य-पुस्तक लोकभारती (सुधारीत अभ्यासक्रम) तथा कार्यरूप व्याकरण**

रविवार, दिनांक २४ फरवरी २०१९

[**समय** : सुबह १०-३० से दोपहर १-१५ बजे तक]

(मौखिक परीक्षा की अवधी मिलाकर)

**(कुल अंक — १००)**

**सूचनाएँ.**—(१) सभी प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** भाषा तथा **देवनागरी** लिपि में लिखिए।

(२) शुद्ध भाषा तथा सुवाच्च लेखन अपेक्षित है।

---

**अंक**

**प्रश्न १ ला (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग आठ - दस पंक्तियों में लिखिए :—** १५

(१) काँजी हाऊस में पशुओं के रखरखाव विषय पर अपने विचार लिखिए ?

(२) सार्वजनिक अस्पतालो में मरिजों को होनेवाली परेशानियों के विषय में अपने विचार व्यक्त कीजिए ?

(३) कवियों की कविता सुनाने की आदत के बारे में अपने विचार व्यक्त कीजिए ?

(४) फागुन के महिने में प्रकृति रंग जाती है ‘मन’ कविताके आधार पर स्पष्ट कीजिए ?

(५) पर्यटन के विषय में पाठ के आधार पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ?

**(ब) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :—** १६

(१) अब लेखक ईश्वर से क्या प्रार्थना करते है ?

(२) लपकानंद की कौनसी बात से सारा शहर परेशान था ?

(३) मुझसे मिलने के लिए कौन लोग सबसे पहले आए ?

(४) गोवा यह नाम सुनते ही सबका मन कैसे हो जाता है ?

(५) शाम का आनंद लेने के लिए लेखक कौनसे बीच पर गये ?

(६) पंछी किनारे पर क्यों मंडराते है ?

(७) हमरे अंदर की दुनिया बाहर की दुनियाँ से कैसी है ?

(८) गलीमें किस बात की गुंजाईश नहीं है ?

(९) बिलकुल चुपचाप बैठकर किसके बारे में सोचें ?

(१०) सामस्वरूपजी को गोपाल प्रसाने पहले भी क्या कहा था ?

[पलटकर देखिए

अंक

**प्रश्न २ रा (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग आठ - दस पंक्तियों में लिखिए :—** १४

(१) मरीज से मिलते समय कौन कौनसी सावधानीयाँ बरतनी चाहिए ?

(२) गोवा की शाम चित्रीत कीजिए ?

(३) आत्मचिंतन के लाभ स्पष्ट कीजिए ?

(४) जो हम शौक से करना चाहते है, उसके लिए निकाल लेते है, इस बात को पाठ के आधारपर सोदहरण अर्थ लिखिए।

**(ब) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में से किन्ही पाँच के रिक्त स्थानों की पूर्ति पाठ्य-पुस्तक के आधार पर किजिए :—** ५

(१) पत्थरों के शहर में वो ………………… बनकर दिखो।

(२) मैं जिसे देखूँ उसीमें तुम मुझे ………………… दिखो।

(३) चूसकर श्रम रक्त जिसका जगत में ………………… मधुरस बनाया।

(४) भूमि परत भा ढ़ाबर पानी। जनु ………………… लपटाणी।

(५) मैंने जोश में आकर कहा ………………… अपने काव्य में बिखेरे हैं उन्हें कैसे दे दूँ।

(६) जगे हम लगे जगाने विश्व, ………………… फिर आलोक।

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर आठ-दस पंक्तियों में लिखिए :—** १२

(१) खेत खलिहान की मजदूरी 'ठेस' कहानी के आधार पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए ?

(२) मन लगाकर काम करना एक गुण है 'ठेस' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ?

(३) बुढापा बहुदा बचपनका पुनरागमन होता है, इस बात को 'बुढी काकी' पाठ के माध्यम से अपने विचार लिखिए।

**प्रश्न ३ रा (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन मुहावरों के अर्थ लिखकर सार्थक वाक्यों में प्रयोग कीजिए :—** ९

(१) निछावर करना।

(२) मुँह मारना।

(३) तैश में आना।

(४) टाँग अड़ाना।

(५) काँप उठना।

**(ब) निम्नलिखित क्रियाओं में से किन्ही दो के सहायक क्रिया के रूप में ही अपने सार्थक वाक्यों का प्रयोग कीजिए। प्रत्येक के लिए स्वतंत्र वाक्य लिखिए :—** ४

(१) पाना। (२) ठहरना।

(३) बोलना। (४) काटना।

अंक

(क) **निम्नलिखित वाक्य किसने किस संदर्भ में कहा है, कोई चार लिखिए :–** ४

(१) "माफ कर लक्ष्मी, रहमान बड़ा मूर्ख है।"

(२) "रहमान के अब्बा, अगर लक्ष्मी दुध नहीं देगी तो हम इसका क्या करेंगे ?"

(३) "कहिए अब दर्द कैसा है ?"

(४) "भैया पेढ़े खिलाओं दवा गिरना शुभ होता है"

(५) "बोल बेटा ! अब भी मुझसे भागेगा ?"

(६) "चल, लक्ष्मी चल जल्दी जल्दी पैर बढ़ा"

(ड) **निम्नलिखित में से विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए (कोई चार) :–** ४

(१) बुढ़ी काकी तब रोने लगती थी–

(अ) जब घरवाले उनकी इच्छा के विरूद्ध बात करते।

(ब) उन्हे बाजार नहीं जाने देते थे।

(क) सही समय पर भोजन मिलता था।

(२) व्यापार की कला किससे प्राप्त होती है–

(अ) अपने साथी एवं समाज से।

(ब) समाज को अधिक से अधिक देने से।

(क) दानी लोगों की कृपा से।

(३) भुट्टे वाले के भुट्टे की विशेषता–

(अ) मसाला लगाया हुआ।

(ब) अध कच्चा।

(क) उँची अवाज में बात करना।

(४) मानु को उपहार में क्या मिला–

(अ) शीतलपाटी।

(ब) चाय।

(क) मिठाई।

(५) कवि लपकानंद के विषय में लेखक ने क्या बताया–

(अ) जब भी मिलेंगे दस-बीस कविताएँ पिलाए बीना नहीं छोडेंगे।

(ब) अकारण ही परेशान करेंगे।

(क) बेतुकी बात करते रहते थे।

**प्रश्न ४ था (अ) निम्नलिखित वाक्यों में से साहायक क्रिया छाँटकर लिखिए (कोई तीन) :–** ३

(१) आप मेरी बात समझ सकी।

(२) दुध का भाव बढ़ गया।

(३) नौकरों पर हुक्म चलने लगा।

(४) मुझे रोटी बनाना सिखाया गया।

[ पलटकर देखिए

अंक

**(ब) निम्नलिखित शब्दों के वर्तनी के अनुसार शुद्ध रूप लिखिए :—** २

(१) समेलन (२) पराथना

(३) मुसकिल (४) व्यक्ती

(५) कविताएँ।

**(क) निम्नलिखित अव्ययों का सार्थक वाक्यों में प्रयोग कीजिए (कोई तीन) :—** ३

(१) अब (२) अलावा

(३) इसलिए (४) अतिरिक्त

(५) के लिए (६) भी।

**(ड) सूचना के अनुसार वाक्यों के काल बदलकर वाक्य फिर से लिखिए (कोई तीन) :—** ३

(१) लक्ष्मी उसकी ओर देखती है। (अपुर्ण भूतकाल)

(२) रहमान लक्ष्मी को मारता है। (पूर्ण वर्तमान काल)

(३) लक्ष्मी बड़ी घबराई हुई है। (पूर्ण भूतकाल)

(४) विदा का क्षण आ गया। (सामान्य भविष्यकाल)

(५) आप छत पर क्या करते है (अपूर्ण भूतकाल)

**(ई) निम्नलिखित में से किन्ही छह वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :—** ६

(१) लेखक ने अभिनेता की घमंड तोड़ी।

(२) हमने क्रिकेट मैच देखी।

(३) अब मैं अपने टाँगो की ओर देखता है।

(४) सोना बाई ने एकपल लड़की को घुरी।

(५) गुप्ताजी की कमरा शायद बगल में है।

(६) लक्ष्मी की आँख में आँसू आई।

(७) मामला लक्ष्मी गऊशाला ले जाने पर ठिक हो गई।

---

CON 1056

# एतदर्थ मंडल (हिंदी भाषा परीक्षा), महाराष्ट्र शासन

भाषा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य, प्रशासकीय भवन, ५ वी मंजिल,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर उद्यान के निकट, सरकारी कालोनी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई ४०० ०५१.

**निम्नश्रेणी परीक्षा**

**दुसरा प्रश्नपत्र — निबंध लेखन, पत्र लेखन सार लेखन, अनुवाद इत्यादी.**

रविवार, दिनांक २४ फरवरी २०१९

[**समय** : दोपहर २-०० से ४-३० बजे तक]

(**कुल अंक** — १००)

**सूचनाएँ.**—(१) प्रश्न क्रमांक ४ को छोडकर सभी प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** भाषा तथा **देवनागरी** लिपि में लिखें।

(२) शुद्ध भाषा तथा सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

---

अंक

**प्रश्न १ ला निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषयपर लगभग पच्चीस-तीस पंक्तियों में निबंध लिखिए :—** २०

(अ) अनुशासन की समस्या।

(ब) सूचना का अधिकार।

(क) मन के हारे हार मन के जिते जीत।

(ड) आज की आधुनिक नारी।

(इ) भारत में गणतंत्र का भविष्य।

**अथवा**

**निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर पंद्रह से बीस पंक्तियों में एक कहानी लिखिए तथा योग्य शीर्षक दीजिए :—**

एक कुम्हार ............... एक मुर्गी ............... सोने का अंडा देना ............... रोज एक अंडा बाजार में बेचना मन में लालच आना ............... मुर्गी को मार देना। ............... नतीजा ............... सीख।

**प्रश्न २ रा निम्नलिखित में से किसी एक पत्र का प्रारुप (नमूना) तैयार कीजिए :—** १४

देवेंद्र जोशी, २१५ लक्ष्मी मार्ग, पुणे से अपने पिता की सेवानिवृत्त होनेपर उन्हें शुभ कामनाएं देते हुए पत्र लिखता है।

**अथवा**

मोहन/मनोरमा देशपांडे, ३१० शिवाजी नगर, अमरावती से अपने मित्र/सहेली को छुट्टीयाँ बिताने के लिए अपने यहा आमंत्रित करते हुए पत्र लिखता/लिखती है।

**प्रश्न ३ रा निम्नलिखित गद्य खंड पढकर उसपर पुछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :—** २०

**अथवा**

**(१/३) एक-तिहाई सार लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए :—**

धर्मशाला तो प्राचीन काल की देन है और सराय तो बादशही वक्त की यादगार है। अंग्रेजों के आने के साथ पश्चिमी सभ्यता आई तो शहरों में होटल भी आए और इस तरह घर से बाहर ठहरने के स्थान हो गए किसी मित्र संबंधी का घर, धर्मशाला ; सराय और होटल।

अंक

आप हा या मैं किसी दुसरे नगर में जानेके लिए घर से चलते ही प्रश्न उठता है, ठहरे कहाँ ? किसी मित्र के घर, सराय में, धर्मशालामें या होटल में ? इसका उत्तर पाने के लिए एक और प्रश्न का उत्तर देना पड़ेगा की आपकी जेबमें पैसे है या नहीं। यदि पैसे हो तो आप सराय में या होटल में ठहर सकते है और न हो तो फिर मित्र-संबंधी के घर या धर्मशालामें। सरायमें कम और होटल में ज्यादा खर्च है। आराम भी कम ज्यादा है। सराय में सादगी है, होटल में शान है। जो जैसा चाहे, चुनाव कर सकता है।

प्रश्न

(अ) धर्मशाला और सराय किसकी देन है ? २
(ब) बाहर ठहरने का अच्छा प्रबंध कहा हो सकता है ? २
(क) बाहर ठहरना किस बात पर निर्भर होता है ? ४
(ड) सराय और होटल का अंतर स्पष्ट कीजिए। ४
(इ) होटल और सराय में से आप किसे पसंद करेंगे और क्यों ? ४
(फ) प्राचीन काल में धर्मशाला कहाँ पर होती थी ? २
(ग) उपरोक्त गद्यखंड को उचित शीर्षक दीजिए। २

**प्रश्न ४ था निम्नलिखित गद्य खंड का मराठी या अंग्रेजी में अनुवाद किजिए :—** २०

हम अपनी चिंता करते रहे तो कोई हमारी चिंता करनेवाला नहीं है। यदि हम औरों की चिंता करे, तभी वे भी हमारी चिंता करेगें। जो हमे जीविका देता है, उसका काम हमें निष्ठा और वफादारी से किया तो हमारी जीविका-चलती रहेगी। पर काम तो दमडी का करे और उम्मीद करे कि पहली तारीख को अशरफी मिले, तो हम जैसा हाथी पालनेवाला कौन महामूर्ख होगा ? रोज-रोज मुर्गी की हिफाजत और परवरिश करें, तो वह हमें सोने का अंडा देती रहेगी पर रोज की मेहनत के आलस से या अति लोभ से हम सभी अंडे निकालने के लिए उसका पेट चीरेंगे, तो कुछ भी हाथ नही लगेगा। इसलिए हमें जोर देना है अपने दैनिक कार्य और उत्तर दायित्वपर।

**प्रश्न ५ वा निम्नलिखित मराठी या अंग्रेजी गद्य खंड का हिन्दी में अनुवाद कीजिए:—** २०

अडचणी, संकटे, रोग याचे जेव्हा आपणावर आक्रमण होते. तेव्हा ती फार मोठी किंवा असह्य वाटतात. परंतु ती ओसरल्यावर आपण त्यांना का घाबरतो तेच समजत नाही आपण घाबरतो याचे कारण आपल्याजवळ मनाची स्थिरता किंवा शांती नसते जीवन म्हणजे संकटे नव्हेत, रोग नव्हेत, अडचणी नव्हेत कारण ती असतानाही जीवन चालूच असते मळभ आल्याने सूर्य जसा नाहीसा होत नाही त्याचप्रमाणे रोगांनी, संकटाशी जीवनाचे मूळ आनंदी स्वरुप नाहीसे होत नाही आजारी व संकटग्रस्त माणसेही जेव्हा थट्टा विनोद करतात तेव्हा ती या आनंदमय जीवनाचा अनुभव घेत असतात. मला वाटते आपण फार विचार करून किंवा अविचार करून आपले मुळचे आनंदीस्वरूप विसरून बसलो आहोत

**अथवा/OR**

Tourism industry will be given a fillip by involving the private sector in creation and management of tourism infrastructue. The Government will also extent its support to sports and youth welfare activities. Vigorous Effors will be made to maintain the premier position of the State in the industrial sector. Fresh initives will be needed to attract Foreign direct investment in the State. The Government will give priority to the promotion and acclerated growth to information Technology in the State.

अंक

प्रश्न ६ वा निम्नलिखित शब्द में से किन्ही <u>छह</u> शब्दों के लिए हिन्दी पर्यायी शब्द लिखिए :— ६

(अ) Free Studentship
(ब) Freedom Fighter
(क) Deduction
(ड) List of Prices
(इ) Desire
(फ) Statement
(ग) Blank Cheque
(ह) Tenure
(य) Chair Person
(र) Provision.

अथवा/OR

निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही <u>छह</u> शब्दों के लिए अंग्रेजी पर्यायी शब्द लिखिए :—

(अ) कार्यशाला
(ब) परिपत्र
(क) डाक और तार विभाग
(ड) चिकित्सा अधिकारी
(इ) छात्रावास
(फ) निगम
(ग) आरक्षण
(ह) प्रारंभिक जाँच
(य) ऐतिहासिक महत्त्व
(र) टेलिफोन.

---